



डॉ. गोपी चन्द मन्नम

Dr. Gopi Chand Mannam

पद्म श्री

Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

डॉ. गोपी चन्द मन्नम

'स्टार' अस्पताल, जोकि एक बहु–विशेषज्ञता से युक्त अस्पताल है, के प्रबंध निदेशक डॉ. गोपी चन्द मन्नम एक जाने माने बहुमुखी कार्डियो–थोरेसिक शल्य चिकित्सक हैं, साथ ही आपको कार्डियो थोरेसिक शल्यक से संबंधित समस्त चुनौती पूर्ण समस्याओं के एकल बिन्दु निवारक के रूप में माना जाता है।

2. आपका जन्म 9 जनवरी, 1957 को हुआ। आपने अपनी एम बी बी एस की उपाधि अप्रैल, 1981 में आंध्रप्रदेश के गुंटूर मेडिकल कॉलेज, गुंटूर से प्राप्त की। वर्ष 1986 में आप जनरल सर्जरी में रॉयल कॉलेज ऑव सर्जरी (एडिनबर्ग) के फेलो बने और बाद में, कार्डियो थोरेसिक सर्जरी में रॉयल कॉलेज ऑव सर्जंस (ग्लासगो) के फेलो बने। तदुपरांत, आपने रॉयल ब्राम्पटन तथा नेशनल हॉस्पिटल, लंदन में कार्य किया।

3. आप 14 वर्षों तक जमैका तथा यू के में प्रशिक्षण प्राप्त करने और व्यवसाय करने के पश्चात वर्ष 1995 में, भारत में आधुनिक कार्डियो थोरेसिक सर्जरी की स्थापना में स्वयं को समर्पित करने के इरादे से भारत लौट आए। वर्ष 2008 में, आप स्टार हॉस्पिटल के संस्थापक भागीदार बने जो विशेषज्ञता, उत्कृष्टता तथा परानुभूति की मुख्य मान्यताओं को अन्तरमन से अपनाता है। भारत में बीटिंग हॉर्ट कोरोनरी बाईपास सर्जरी तथा सामान्य से छोटे दाता–हृदय के प्रयोग से हृदय प्रत्यारोपण करने वाले आप पहले हृदय–शल्य–चिकित्सक हैं। आपने देश में, मिनिमली इनवैसिव ऐट्रियल सेप्टल डिफेक्ट क्लोजर तथा माइट्रल वाल्व प्रतिस्थापन में भी अग्रकर्ता की भूमिका निभायी। आपका व्यापक शल्यक अनुभव 25000 कार्डियक सर्जरी से भी अधिक है।

4. आपने सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र के अभावग्रस्त बच्चों में जन्मजात हृदय रोग के लिए शल्य चिकित्सा को सक्षम बनाने हेतु एक आंदोलन की अगुवाई की। आप भारत में, अभावग्रस्त बच्चों में हृदय रोग की महाविपत्ति से निपटने के लिए 'हृदय क्योर अ लिटिल हॉर्ट फाउण्डेशन' के सह–संस्थापक भी हैं। इस फाउण्डेशन के प्रयासों से 2015 तक आप 3000 से भी अधिक बच्चों के लिए इंटरवेंशनल पेडियाट्रिक कार्डियक प्रोसीजर एवं कार्डियो थोरेसिक सर्जिकल प्रोसीजर निष्पादित करने में सफल रहे। आप और आपकी शल्य चिकित्सीय टीम ने विश्व की स्तरीय समीक्षित चिकित्सा पत्रिकाओं के वैज्ञानिक साहित्य में योगदान किया है।

5. आप अन्य विकासशील और अधो–विकसित देशों में कार्डियक सर्जिकल सहायता मुहैया कराने संबंधी अपने प्रयासों के कारण भारत के सच्चे वैश्विक राजदूत हैं। आप, इथोपिया तथा लीबिया आदि देशों में भीषण रूप से कार्डियक सर्जरी की जरूरत वाले बच्चों के लिए पेडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी उनके नजदीकी सुलभ स्थानों तक पहुँचाने में शामिल रहे हैं। आप कई एक वैश्विक संगठनों जैसे– मेंडिंग किड्स इंटरनेशनल, यू एस एय इंटरनेशनल चिल्ड्रेंस हार्ट फाउण्डेशन, यू एस ए आदि से भी संबद्ध हैं। इन परमार्थी प्रयासों के माध्यम से 100 से अधिक बच्चों को लाभ पहुँचा है। आपके व्यक्तित्व का दूसरा पक्ष, 'मानसू' फाउन्डेशन के माध्यम से भारतीय साहित्य "तेलुगू" को संरक्षित करने और भारत के लुप्त हो रहे साहित्यिक खजाने को पुनर्जीवित करने का आपका मनोभाव है।

6. आपको अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है जिनमें आंध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री द्वारा सराहना पुरस्कार (2001–02), एन आई एम एस के पूर्व डॉक्टर द्वारा प्रदत्त वर्ष के सर्वोत्तम डॉक्टर का पुरस्कार (2005), आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा टी वी एस बिजनेस लीडर पुरस्कार (2013) शामिल हैं। वर्ष 2013 में आपको विज्ञान की डॉक्टर उपाधि सहित डा. एम जी आर मेडिकल विश्वविद्यालय, तमिलनाडु द्वारा सम्मानित किया गया।

Dr. Gopi Chand Mannam

Dr. Gopi Chand Mannam, Managing Director of STAR Hospitals, a multi-speciality hospital, is a renowned versatile Cardio Thoracic Surgeon and is considered as a single point destination for all challenging Cardio Thoracic Surgical problems.

2. Born on 9th January 1957, Dr. Gopi Chand earned his MBBS degree from Guntur Medical College, Guntur, Andhra Pradesh in April 1981. In 1986, he became a Fellow of the Royal College of Surgery (Edinburgh) in General Surgery and later a Fellow of the Royal College of Surgeons (Glasgow) in Cardio-Thoracic Surgery. He subsequently worked at Royal Brompton and National Hospital, London.

3. After getting trained & practiced in Jamaica and UK for 14 years, in 1995, Dr. Gopi Chand returned to India with an intention to dedicate himself to establish cutting edge Cardio Thoracic Surgery in India. In 2008, he became the founder partner of STAR Hospitals which embraces the core values of expertise, excellence and empathy. He was the first to do a beating heart Coronary Bypass Surgery and a Heart Transplantation using an undersized donor heart in India . He also pioneered Minimally Invasive Atrial Septal Defect Closure and Mitral Valve Replacement in the country. His vast surgical experience exceeds 25000 cardiac surgeries.

4. Dr. Gopi Chand spearheaded a movement to enable surgeries for Congenital Heart Disease among under privileged children of the region through the Government Health schemes. He also co-founded Hrudaya Cure a Little Heart Foundation to deal with the scourge of heart disease in under-privileged children in India. Through the efforts of the foundation he has been able to perform interventional pediatric Cardiac procedures and Cardio Thoracic surgical procedures for more than 3000 children as of 2015. He and his surgical team have contributed to the scientific literature of peer reviewed medical journals across the globe.

5. Dr. Gopi Chand is truly a global Ambassador for India through his efforts to provide Cardiac Surgical support in other developing and under developed countries. He has been involved in taking Pediatric Cardiac Surgery to the door steps of children desperately in need of Cardiac Surgeries in places like Ethiopia, Libya, etc. He is also associated with several global organizations like Mending Kids International, USA International Children's Heart Foundation, USA, etc. More than 100 children have been benefitted through these charitable efforts. Another facet of him is his passion to preserve Indian Literature "Telugu" through MANASU Foundation to resurrect the disappearing literary treasures of India.

6. Dr. Gopi Chand has been conferred galaxy of awards which includes Award of Appreciation (2001-02) by the Chief Minister of Andhra Pradesh , Best Doctor of the Year Award (2005) presented by former Director of NIMS, TVS Business Leader Award (2013) by the Chief Minister of AP. In 2013, Dr. Gopichand was honoured by Dr. MGR Medical University, Tamil Nadu with a Doctor in Science.